दिनांक 02.02.2023

प्रेस विज्ञप्ति

****

रेलटेल को भारतीय स्टेट बैंक से 253.35 करोड़ रुपये (कर अतिरिक्त) की परियोजना का अनुबंध प्राप्त हुआ है।

ये परियोजना भारतीय स्टेट बैंक के 15,000 ऑफसाइट एटीएम को 4जी LTE कनेक्टिविटी सुविधा प्रदान करने से संबंधित है।

एसबीआई के साथ रेलटेल का ये अनुबंध हाईस्पीड और अंतिम छोर तक विश्वसनीय कनेक्टिविटी प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और हमारी मूल दक्षता व व्यापारिक पोर्टफोलियो के अनुरूप है : श्री संजय कुमार, सीएमडी, रेलटेल

****

रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, जो कि रेल मंत्रालय के तहत एक मिनी रत्न पीएसयू है, को भारतीय स्टेट बैंक (SBI) से पूरे भारत में फैले 15,000 ऑफसाइट एटीएम को 4जी LTE कनेक्टिविटी प्रदान करने का कार्य आदेश प्राप्त हुआ है। इस परियोजना के अंतर्गत 5 साल की अवधि तक पूरे नेटवर्क का संचालन और रखरखाव कार्य भी शामिल है। रेलटेल को प्रदत्त इस परियोजना का कुल अनुमानित मूल्य 253.35 करोड़ रुपये (कर अतिरिक्त) है।

भारतीय स्टेट बैंक की इस परियोजना के लिए रेलटेल को प्रतिस्पर्धी बोली के आधार पर चुना गया है। यह परियोजना भारत के अंदर 4जी एलटीई प्रौद्योगिकी के जरिए अंतिम छोर तक कनेक्टिविटी प्रदान करने की सबसे बड़ी परियोजनाओं में से एक है। अंतिम छोर तक कनेक्टिविटी के अलावा, इस परियोजना में नेटवर्क संचालन केंद्रों (एनओसी) की स्थापना, एसबीआई के डाटा सेंटर व आपदा बहाली केंद्र (डीसी-डीआर) के लिए बैकहॉल कनेक्टिविटी, एसएलए निगरानी के लिए लाइव डैशबोर्ड, 24×7 हेल्पडेस्क आदि भी शामिल हैं।

घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए रेलटेल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री संजय कुमार ने कहा, "एसबीआई के साथ रेलटेल का ये अनुबंध हाईस्पीड और अंतिम छोर तक विश्वसनीय कनेक्टिविटी प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और हमारी मूल दक्षता एवं व्यापारिक पोर्टफोलियो को दर्शाता है। रेलटेल अपने ग्राहकों की डिजिटल परिवर्तन प्रक्रिया में लगातार महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। हम अपना राजस्व प्रवाह बढ़ाने के लिए आगे भी ऐसी अन्य परियोजनाओं पर नजर बनाए रखेंगे। हम अपने ग्राहकों को संतोषजनक सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

रेलटेल के बारे में:

रेलटेल, रेल मंत्रालय के अधीन एक 'मिनी रत्न (श्रेणी -1)' केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है, जो देश के सबसे बड़े तटस्थ दूरसंचार अवसंरचना प्रदाताओं में से एक है और आईसीटी समाधान व सेवा प्रदाता है, जिसके पास देश के कई कस्बों, शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों को कवर करने वाला एक अखिल भारतीय ऑप्टिक फाइबर नेटवर्क है। ऑप्टिक फाइबर के 61000 से अधिक मार्ग किलोमीटर के एक सुदृढ़ विश्वसनीय नेटवर्क के साथ, रेलटेल के पास दो इलैक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) के पैनल वाले टियर III डेटा सेंटर भी हैं। अपने अखिल भारतीय उच्च क्षमता नेटवर्क के साथ रेलटेल विभिन्न फ्रंट पर एक नॉलेज़ सोसाइटी बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है। इसे दूरसंचार क्षेत्र में भारत सरकार की विभिन्न मिशन-मोड परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए चुना गया है। रेलटेल एमपीएलएस वीपीएन, टेलीप्रेजेंस, लीज्ड लाइन, टावर को-लोकेशन, डेटा सेंटर सेवा जैसी विभिन्न सेवाएं उपलब्ध कराता है। रेलटेल देशभर के रेलवे स्टेशनों पर सार्वजनिक वाई-फाई उपलब्ध कराकर रेलवे स्टेशनों को डिजिटल हब में परिवर्तित करने के लिए भी भारतीय रेलवे के साथ मिलकर कार्य कर रहा है। अब तक 6108 से अधिक स्टेशन रेलटेल के रेलवायर वाई-फाई के साथ लाइव हो चुके हैं।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:

sucharita@railtelindia.com